## भारत – कोलिंबिया संबंध

बगोटा में रेजीडेंट भारतीय मिशन फरवरी 1973 में स्थापित किया गया। जनवरी 1993 में मिशन को बंद कर दिया गया परंतु अक्टूबर 1994 में इसे फिर से खोला गया क्योंकि कोलिंबिया गुट निरपेक्ष आंदोलन की 9वीं शिखर बैठक का मेजबान देश था। 2009 भारत एवं कोलंबिया के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ थी। मेडेलिन तथा बरांक्विला शहर में भारत का एक मानद कोंसुलेट है।

**राजनीतिक संबंध :** भारत और कोलंबिया के बीच द्विपक्षीय संबंध मैत्रीपूर्ण एवं मधुर हैं। वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के विचारों में काफी समानताएं हैं तथा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दोनों देशों ने एक दूसरे का घनिष्ठता से सहयोग किया है।

**महत्वपूर्ण द्विपक्षीय यात्राएं :**

भारत की ओर से :

भारत की ओर से कोलंबिया की निम्नलिखित उच्च स्तरीय यात्राएं हुई हैं :

1. 1968 में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने कोलंबिया की यात्रा की थी।
2. गुट निरपेक्ष आंदोलन की 9वीं शिखर बैठक में भाग लेने के लिए अक्टूबर 1995 में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री नरसिंहा राव ने कोलंबिया का दौरा किया था।
3. राज्य मंत्री (ई ए) श्री राव इंद्रजीत सिंह ने सितंबर, 2004 में दौरा किया।
4. राज्य मंत्री (एस टी) श्री शशि थरूर ने 18 से 20 जनवरी 2010 के दौरान कोलंबिया का दौरा किया।
5. शहरी विकास राज्य मंत्री प्रोफेसर सौगत राय ने 2010 में दौरा किया।
6. खान राज्य मंत्री श्री दिनशा पटेल ने मई 2011 में दौरा किया।
7. सचिव (पश्चिम) श्री विवेक काटजू ने जुलाई 2011 में विदेश कार्यालय परामर्श के लिए दौरा किया।
8. वाणिज्य सचिव डाक्टर राहुल खुल्लर ने अगस्त - सितंबर 2011 में दौरा किया।
9. संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री सचिन पायलट ने अप्रैल 2012 में दौरा किया।
10. वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जून 2012 में दौरा किया।
11. पर्यटन सचिव श्री परवेज दिवान ने 3 अक्टूबर 2014 को दौरा किया।
12. विशेष सचिव (अमेरिका एवं सी पी वी) श्री आर स्वामी नाथन ने विदेश कार्यालय परामर्श के लिए नवंबर 2014 में दौरा किया।
13. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मई 2015 में दौरा किया।

**कोलंबिया की ओर से :**

1. गुट निरपेक्ष आंदोलन की मंत्री स्तरीय बैठक के लिए कोलंबिया के पूर्व विदेश मंत्री डाक्टर रोड्रिगो पार्डो गार्सिया पेना ने अप्रैल 1997 में दौरा किया।
2. मार्च 2001 में राष्ट्रपति अंड्रेस पस्त्राना अरांगो ने दौरा किया जो को लंबिया की ओर से पहली राजकीय यात्रा थी।
3. विदेश मंत्री कारोलीना बार्को इस्कॉन ने फरवरी 2003 में दौरा किया।
4. उप मंत्री कैमिलो रेयस ने मई 2014 में नई दिल्ली का दौरा किया।
5. कोलंबिया के रक्षा मंत्री श्री जुआन मैनुअल सैंटोस ने नवंबर 2007 में दौरा किया।

6. वाणिज्य, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री श्री लुइस गुइलेरमो प्लाटा ने अप्रैल 2008 में दौरा किया।
7. ऊर्जा एवं खान मंत्री श्री हरनान मार्टिनेज ने सितंबर 2008 में भारत का दौरा किया।
8. कोलंबिया की वायु सेना के डिप्टी चीफ जनरल फर्नांडो सोलर टोरे ने फरवरी 2009 में एरो इंडिया में भाग लिया।
9. कोलंबिया के उप विदेश मंत्री राजदूत क्लेमेंसिया फोरेरो यूक्रोस ने अप्रैल 2009 में दौरा किया।
10. विदेश मंत्री जेमी बर्मुडेज ने नवंबर 2009 में दौरा किया तथा उनके साथ वाणिज्य, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री भी आए थे।
11. उप राष्ट्रपति फ्रांसिस्को सैंटोस ने अप्रैल 2010 में दौरा किया।
12. उप विदेश मंत्री मोनिका लेंजेटा ने नवंबर 2011 में दौरा किया।
13. उप विदेश मंत्री पट्टी लोंडोनो ने मार्च 2012 में दौरा किया।
14. व्यवसाय विभाग के उप मंत्री कार्लोस डी हार्ट ने 11 - 12 फरवरी 2013 को दौरा किया।
15. कोलंबिया के सूचना प्रौद्योगिकी (आई टी) मंत्री श्री डिएगो मोलानो ने 17 से 24 अगस्त 2013 के दौरान दौरा किया।

**महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संधियां एवं करार :**
**(आर्थिक एवं वाणिज्यिक)**

- व्यापार करार (1970)
- सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर एम ओ यू (2002)
- हाइड्रो कार्बन पर एम ओ यू (2008)
- द्विपक्षीय निवेश संवर्धन एवं संरक्षण करार (बी आई पी पी ए) जिस पर नवंबर 2009 में हस्ताक्षर किया गया। जुलाई, 2012 से यह करार लागू हो गया है।
- नेशनल एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज ऑफ कोलंबिया (ए एन डी आई) तथा नैस्काम के बीच आई टी क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू, 2009
- व्यवसाय विकास सहयोग पर एम ओ यू (2010)
- दोहरा कराधान परिहार करार (2011) यह 7 जुलाई 2014 से कानून में शामिल हुआ है।
- मई 2013 में नैस्कॉम में फेडेसॉफ्ट के बीच आई टी क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू।

**विदेश मंत्रालय (एम ई ए) एवं विदेश मंत्रालय :**

- वार्षिक विदेश कार्यालय परामर्श पर एम ओ यू (1995)
- राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा की आवश्यकता न होने के लिए करार (2001)
- कारोबारियों को वीजा प्रदान करने में सुगमता के लिए करार (2001)
- राजनयिक अकादमियों के बीच सहयोग के लिए करार (2001)।

**अन्य मंत्रालय :**

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग पर एम ओ यू (2005)।
- शहरी विकास में सहयोग के लिए एम ओ यू (2007)
- हाइड्रो कार्बन पर एम ओ यू (2009)
- बांस क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू (2009)।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू (2010)।
- भू विज्ञान तथा खनिज सुधार के क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू (2011)।
- खेल पर एम ओ यू (2014)
- सांस्कृतिक करार (1974)
- 2012-16 के लिए सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम

**वाणिज्यिक एवं आर्थिक संबंध :** हाल के वर्षों में वाणिज्यिक एवं आर्थिक संबंधों में वृद्धि हुई है। पिछले दो वर्षों में आयात एवं निर्यात बास्केट में विविधता भी आई है। भारत के आयात में खनिज ईंधन, खनिज तेल,

प्राकृतिक या शोधित मोती, लकड़ी एवं इस्पात, लकड़ी की बनी वस्तुएं एवं कोको शामिल हैं। भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं में सीकेडी फार्म में मोटर साइकिल, रेलवे से भिन्न वाहन, सूती धागे तथा कॉटन के बुने हुए फेब्रिक, जैविक रसायन तथा लोहा एवं इस्पात शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों के लिए व्यापार के आंकड़े नीचे सारणी में दिए गए हैं :

| क्र. सं. | वर्ष | भारत को आयात (मिलियन अमरीकी डालर में) | भारत द्वारा निर्यात (मिलियन अमरीकी डालर में) | कुल व्यापार (मिलियन अमरीकी डालर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2014 | 2685.57 | 1297.36 | 3982.93 |
| 2 | जनवरी से सितंबर 2015 | 415.37 | 909.72 | 1325.09 |

तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारत को कोलंबिया के आयात में गिरावट आई है। भारत - कोलंबिया व्यापार संगठन नियमित आधार पर आपस में बातचीत करते रहते हैं तथा निर्यात संवर्धन परिषदों जैसे कि ई ई पी सी, ई पी सी एच, टेक्सप्रोसिल, एस आर पी टी सी, केमेक्सिल, प्लेक्सकोंसिल, भारतीय मसाला बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक एवं सॉफ्टवेयर परिषद, केपेक्सिल तथा ए ई पी सी एवं वाणिज्य चैंबर जैसे कि सी आई आई के कारोबारी शिष्टमंडलों ने गत पांच वर्षों में कोलंबिया का दौरा किया है। द्विपक्षीय व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए दूतावास की सहायता से सितंबर 2008 में बगोटा में एक 'कोलंबिया - भारत वाणिज्य चैंबर' का गठन किया गया।

2015 के दौरान निम्नलिखित शिष्टमंडल कोलंबिया के दौरे पर गए, हालांकि तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में था। कुछ प्रमुख यात्राओं में निम्नलिखित शामिल हैं :

क) टेक्सप्रोसिल के एक 25 सदस्यीय शिष्टमंडल ने जनवरी में कोलंबिया के टेक्सटाइल फेयर कोलंबियाटेक्स में भाग लिया।

ख) केपेक्सिल तथा रसायन एवं संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद से एक 12 सदस्यीय शिष्टमंडल ने बगोटा में फरवरी में दो दिवसीय बी एस एम के लिए बगोटा का दौरा किया।

ग) सिंथेटिक और रेयन वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद (एस आर टी ई पी सी) ने मार्च में दो दिवसीय बी एस एम में भाग लिया।

घ) आटोमोबाइल कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ए सी एम ए) से 15 कंपनियों ने 26 अक्टूबर 2015 को आयोजित बी एस एम में भाग लिया।

ङ) 2 और 3 दिसंबर को बगोटा में भारत और कोलंबिया के रसायन उद्योग के लिए एक क्रेता - विक्रेता बैठक आयोजित की गई जिसमें केमेक्सिल ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत की 45 कंपनियों और कोलंबिया के 100 से अधिक आयातकों ने भाग लिया।

च) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ई पी सी एच) ने 4-17 दिसंबर के दौरान कोर्फेरियस प्रदर्शनी मैदानश्में एनुअल आर्टीजन फेयर में भाग लिया।

छ) फरवरी में कोलंबिया के सबसे बड़े पर्यटन मेला अनाटो में दूसरी बार छः टूर आपरेटरों ने भाग लिया।

ज) मेक इन इंडिया पहल के तहत दूतावास ने 19 मार्च को बरांकिला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कारोबारी समुदाय, मीडिया तथा अटलांटिक क्षेत्र के प्राधिकारियों ने भाग लिया।

कोलंबिया में भारतीय कंपनियां : अनेक भारतीय कंपनियों ने कोलंबिया में अपना प्रचालन स्थापित किया है। कोलंबिया में जो कंपनियां मौजूद हैं उनमें से कुछ ज्ञात कंपनियां इस प्रकार हैं :

- आई टी (टी सी एस, टेक महिंद्रा आदि)
- भेषज पदार्थ (आई पी सी ए, सिपला, अरबिंदो फार्मा, डा. रेड्डी)

- कृषि रसायन (यूनाइटेड फासफोरस, श्रद्धा केमिकल्स),
- आटोमोबाइल्स एवं ट्रैक्टर (टी वी एस, बजाज, हीरो, सोनालिका एवं महिंद्रा),
- खनन (रेणुका एनर्जी)।

तेल अन्वेषण के क्षेत्र में ओ एन जी सी विदेश लिमिटेड कोलंबिया में सतत रूप से अन्वेषण एवं उत्पादन का कार्य कर रहा है। चीन की कंपनी सीनोपेक के साथ मानसरोवर एनर्जी नामक इसका संयुक्त उद्यम एक उत्पादन परिसंपत्ति का स्वामी है जो हर रोज लगभग 40 हजार बैरल का उत्पादन करता है।

प्राज इंडस्ट्रीज ने प्रतिदिन 1.05 मिलियन लीटर की क्षमता के साथ कोलंबिया में 6 एथानोल प्लांट का निर्माण किया है। अब यह अपने 7वें प्लांट का निर्माण कर रहा है। हीरो मोटो कॉर्प ने सितंबर 2015 में कैली में अपने मोटरसाइकल प्लांट का उद्घाटन किया। 70 मिलियन अमरीकी डालर के निवेश से निर्मित होने वाला यह प्लांट शुरू में 78000 मोटर साइकल का उत्पादन करेगा और 2500 लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार देगा।

तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग : कोलंबिया के लिए आई टी ई सी स्लाटों की संख्या वर्ष 2009-10 में 25 से बढ़ाकर वर्ष 2015-16 में 40 कर दी गई है। 2015 में आई टी ई सी छात्रवृत्ति के लिए अंग्रेजी के 24 शिक्षकों का एक समूह ई एफ एल विश्वविद्यालय, हैदराबाद गया। आई टी ई सी कार्यक्रम के तहत सहायता में दिसंबर 2002 में कोलंबिया को दो लाख अमरीकी डालर के एक सौर ऊर्जा प्लांट को दान में देना तथा आई टी से संबंधित नीतिगत मुद्दों पर स्थानीय शासन को सलाह देने के लिए मई से जुलाई 2002 तक दो भारतीय आई टी विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति शामिल है। वर्ष 2010 में देश व्यापी बाढ़ तथा अवसंरचना की तबाही को ध्यान में रखते हुए भारत ने कोलंबिया को 1 मिलियन अमरीकी डालर की राशि दान में दी।

**आई सी सी आर छात्रवृत्तियां :** आई सी सी आर ने कोलंबिया के लिए अपनी सामान्य सांस्कृतिक छात्रवृत्ति स्कीम के तहत दो स्लाटों का आवंटन किया है तथा कोलंबिया के दो छात्रों ने 2008-11 और 2009-12 के दौरान ओडिसी एवं कथक नृत्य सीखा। इस समय दो अन्य नर्तक वर्ष 2012-13 के लिए आई सी सी आर छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत कथक एवं ओडिसी नृत्य पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मिशन आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित कथक की नि:शुल्क कक्षाएं चला रहा है।

**संस्कृति एवं भारतीय समुदाय :** 2012-16 के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम पर हस्ताक्षर मार्च 2012 मे हुआ। भारतीय दूतावास द्वारा अनेक महोत्सव, पर्फामेंस, प्रदर्शनी एवं फिल्म शो आदि का आयोजन किया गया है। स्थानीय प्रतिभा के साथ मिलकर दूतावास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनेक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय नृत्य एवं गैस्ट्रोनॉमी महोत्सव लगभग हर साल आयोजित किए जा रहे हैं। बुंडू खान के नेतृत्व में एक लोक संगीत मंडली ने एक कार्यक्रम के लिए बगोटा का दौरा किया। बगोटा के जावेरियाना विश्वविद्यालय ने अपने स्नातक पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय के रूप में भारतीय संगीत एवं नृत्य को शामिल किया है।

21 मई 2013 को मेडेलिन शहर में महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा लगाई गई। स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से बगोटा में गांधी जयंती मनाई गई। मेडलिन में अहिंसा को समर्पित एक सप्ताह चलने वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा यह कार्यक्रम गांधी शांति प्रतिष्ठान के सहयोग से आयोजित किया गया।

स्थानीय भारतीय समुदाय के साथ मिलकर दूतावास द्वारा पिछले वर्ष के दौरान गणेश चतुर्थी, दिवाली, मकर संक्रांति और होली के त्यौहार मनाए गए।

कोलंबिया के कैरो कुर्वो संस्थान द्वारा 7 मई 2015 को रबीन्द्रनाथ टैगोर की 154वीं जयंती मनाई गई। 2012 में उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर उनकी एक आवक्ष प्रतिमा लगाई गई थी।

जुलाई 2015 में सी आई एन एस ई टी द्वारा संचालित कोलंबिया - भारत सांस्कृतिक केन्द्र में महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा भी लगाई गई जिसे आई सी सी आर द्वारा डोनेट किया गया था।

भारतीय समुदाय में लगभग 250 सदस्य हैं जिनमें से अधिकतर पेशेवर हैं। कोलंबिया में दो भारत - कोलंबिया मैत्री संघ हैं। वे जनवरी 2010 में पंजीकृत भारत - कोलंबिया मैत्री संघ तथा 2014 में स्थापित "वी आर इंडिया" (सोमोस इंडिया) हैं।

21 जून 2015 को कोलंबिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कोलंबिया में योग समारोह बगोटा, मेडेलिन, बारंगकिला, काली और पास्टो में आयोजित किए गए। पहले तीन स्थानों पर यह कार्यक्रम स्थानीय प्राधिकरों, योग संस्थानों, भारतीय समुदाय तथा फ्रेंड्स ऑफ इंडिया संघों की मदद से आयोजित किया गया। अन्य दो स्थानों पर इसका आयोजन निजी योग संस्थानों द्वारा किया गया। समारोहों में कुल मिलाकर लगभग 2,000 लोगों ने भाग लिया। मिशन ने योग दिवस के सफल आयोजन के बाद शाम के समय कोलंबिया के नागरिकों के लिए साप्ताहिक योग कक्षाओं का नि:शुल्क आयोजन भी किया।

**भारत का दौरा करने वाले कोलंबिया के नागरिक :**
कोलंबिया के लगभग 3200 नागरिक हर साल भारत आते हैं तथा उनमें से अधिकांश योग, ध्यान, आध्यात्मिक पाठ्यक्रम आदि के लिए आते हैं। कोलंबिया को ई-टूरिस्ट वीजा की सुविधा प्रदान की गई है।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, बोगोटा की वेबसाइट :
www.embajadaindia.org
भारतीय दूतावास, बोगोटा फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/EmbajadaIndiaBogota
भारतीय दूतावास, बोगोटा ट्विटर लिंक :
https://twitter.com/IndiaEmbBogota

***

**जनवरी, 2016**